# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

18 मई 2024, शनिवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के झांसी और बांदा में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**बुंदेलखंड ने मुगलों से भी संघर्ष किया, अंग्रेजों से भी लड़ाई लड़ी और अब देशी अंग्रेजों के खिलाफ भी बुंदेलखंड निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है।**

****************

**परिवारवादी पार्टियां केवल अपने बच्चों का करियर बनाना चाहती है जबकि मोदी जी देश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम कर रहे हैं।**

****************

**कभी बुंदेलखंड में केवल देसी कट्टे बनते थे आज बुंदेलखंड के डिफेंस पार्क में सेना के लिए तोप के गोले बनते हैं।**

****************

**मोदी सरकार में बुंदेलखंड से बाहुबली नहीं उद्योगपति निकलेंगे।**

****************

**देश को उत्तर दक्षिण में बाँटने वाले सुन लें, जब तक मोदी जी हैं कोई भी देश को बाँट नहीं सकता।**

****************

**70 सालों तक राम मंदिर को लटकाने और सरयू को खून से लाल करने वाले आज रामभक्तों से वोट माँग रहे हैं।**

****************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शनिवार को उत्तर प्रदेश के झांसी और बांदा में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी सरकार में हुए विकास कार्यों को रेखांकित किया और कांग्रेस व सपा की भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रमों के दौरान मंच पर केंद्रीय मंत्री एवं आगरा लोकसभा प्रत्याशी श्री एसपी सिंह बघेल, बांदा से लोकसभा प्रत्याशी श्री आर के सिंह एवं झांसी से लोकसभा प्रत्याशी श्री अनुराग शर्मा, सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **बुंदेलखंड की भूमि ने मुग़लों और अंग्रेजों से  लड़ाई लड़ी थी और आज हमारे देश में जो *"देसी अंग्रेज"* हैं उनके साथ बुंदेलखंड की जनता लड़ाई लड़ रही है।** फिलहाल देश में 4 चरण के चुनाव समाप्त हो चुके हैं और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 270 सीटें जीतकर तीसरी हैट्रिक की ओर आगे बढ़ गए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इंडी गठबंधन का सुपड़ा साफ होना सुनिश्चित हो गया है। कमल के निशान पर दिए गए एक-एक वोट आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जाएगा। जनता का एक-एक वोट इस देश को विश्व का तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाएगा। **यह लोकसभा चुनाव दो खेमों के बीच हो रही है।** एक ओर, 12 लाख करोड़ के घपले-घोटाले करने वाले इंडी गठबंधन है वहीं दूसरी तरफ, 23 वर्षों तक प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रहने के बाद भी 25 पैसे के भ्रष्टाचार का भी आरोपी नहीं होने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। **एक तरफ चांदी की चम्मच के साथ जन्मे राहुल गांधी है और दूसरी तरफ गरीब चाय बेचने वाले के घर में जन्मे हुए हमारे नेता आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी है।** एक ओर थोड़ी गर्मी

बढ़ते ही विदेश भागने वाले राहुल गांधी है और वहीं दूसरी ओर 23 वर्षों से एक भी छुट्टी नहीं लेने वाले और सैनिकों के साथ दिवाली मनाने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। **एक ओर, राम भक्तों पर गोली चलाने वाली समाजवादी पार्टी है और दूसरी ओर, श्रीराम मंदिर बनाने वाले आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।**

श्री शाह ने कहा कि 70 वर्षों तक कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारों ने राम मंदिर के मुद्दे को लटकाए-भटकाए रखा। समाजवादी पार्टी ने श्रीराम मंदिर के कार सेवकों पर गोलियां चलवाईं, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने कार्यकाल में न्यायालय के माध्यम से राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त भी किया, भूमि पूजन भी किया और 22 जनवरी को भगवान श्री राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा कर दी। लेकिन **कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने वोट बैंक के तुष्टीकरण की राजनीति करते हुए श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का वोट बैंक इस देश की आम जनता नहीं है, बल्कि बांग्लादेश से आए हुए घुसपैठिए हैं।** जो राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में न जाए उनके साथ ओरछा राम दरबार के लोग नहीं रह सकते हैं। **कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की वोट बैंक की लालच की नौबत यहाँ तक आ गई है कि हाल ही में पहले कांग्रेस के एक नेता मणिशंकर अय्यर देश को धमकी दे रहे हैं कि पाकिस्तान को सम्मान दीजिए, क्योंकि उनके पास एटम बम है, पाक अधिकृत कश्मीर की बात मत करिए क्योंकि उनके पास एटम बम है। भारतीय जनता पार्टी स्पष्ट करत है कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और इसे भारत से कोई नहीं छीन सकता।** श्री शाह ने कहा कि अगर इंडी गठबंधन जीतती है तो इनके पास प्रधानमंत्री पद का कोई उम्मीदवार नहीं है। इंडी गठबंधन के नताओं ने बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनने की योजना बनाई है। मगर देश ऐसे नहीं चल सकता है। इस देश को मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता है, जो केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही प्रदान कर सकते हैं। देश चलाने के लिए मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए, 56 इंच के सीने वाला चाहिए, जो हमारे आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी नेलोकसभा और विधानसभाओं में माताओं-बहनों को 33% आरक्षण दिया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी देश को तोड़ना चाहती है। कांग्रेस के एक सांसद ने बयान दिया कि उत्तर और दक्षिण भारत को अलग-अलग देश बना देना चाहिए। मगर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के रहते भारत को कोई भी तोड़ नहीं पाएगा।** मोदी सरकार ने विगत 10 वर्षों में माताओं बहनों को गैस का सिलेंडर दिया, 14 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया, 10 करोड़ से ज्यादा शौचालयों का निर्माण करवाकर माताओं बहनों को सम्मान देने का काम किया, हर घर में बिजली दी, प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो अनाज मुफ्त दिया और 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य का खर्च भी निःशुल्क मुहैया करवाया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कोरोना का टीका लगाकर 130 करोड़ देशवासियों को महामारी से सुरक्षित करने का काम किया है। महामारी के दौरान राहुल गांधी और अखिलेश यादव जनता को गुमराह किए थे और वैक्सीन को मोदी टीका बता रहे थे। जब पूरा देश स्वदेशी वैक्सीन से टीकाकरण करवा लिया, तो फिर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी अपना टीकाकरण करवाया। **विपक्ष ने कोरोना जैसी महामारी में भी राजनीति करते हुए लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने का काम किया।** एक ओर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं, जो समूचे देश को अपना परिवार मानते हैं और दूसरी ओर परिवारवादी पार्टियों का गठबंधन है।

श्री शाह ने कहा कि **विपक्षी दलों के नेता अपने बच्चों के भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए राजनीति कर रहे हैं। लालू यादव और उद्धव ठाकरे को अपने बेटों को मुख्यमंत्री बनाना है, शरद पवार को अपनी बेटी को मुख्यमंत्री बनाना है और सोनिया गांधी को अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। अपने परिवार के लिए राजनीति करने वाले देश का भला नहीं कर सकते हैं।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही देश के भविष्य को संवार सकते हैं। श्री शाह ने कहा कि **सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार में आए दिन देश में आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस कोई कार्रवाई नहीं कर पाती थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक कर 10 दिन के अंदर उरी और पुलवामा का जवाब दिया और आतंकवाद का सफाया किया।** माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उत्तर प्रदेश में श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी और प्रदेश के विकास की शुरुआत

हुई। **पहले उत्तर प्रदेश में देशी कट्टे बनाने की फैक्ट्रियां चलती थीं, लेकिन आज डिफेंस कॉरिडोर में तोप के गोले बन रहे हैं। पहले पूरे बुंदेलखंड में सपा के राज में बड़े-बड़े गुंडों का राज था, गैंग चलती थी, अपराध होते थे, फिरौती ली जाती थी और पूरे प्रदेश में आए दिन दंगे होते थे, लेकिन योगी जी ने सारे गुंडों को उल्टा लटका के सीधा करने का काम किया गया।** वहीं किसानों को सुविधा देने के लिए 35 हजार करोड़ रुपए से केन-बेतुआ परियोजना का काम तेजी से चल रहा है, जिससे सबको सिंचाई की सुविधा मिलेगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में वाहनों का विनिर्माण हो रहा है, मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना हुई है और बूचड़खानों की जगह गौशालाएं बन रहे हैं। हरदोई में पिस्तौल, अमेठी में एके 47 और लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पहले उत्तर प्रदेश में केवल रमजान और ईद के दिनों में ही 24 घंटे बिजली आती थी, मगर अब भाजपा सरकार ने समूचे उत्तर प्रदेश को 20 से 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराना शुरू किया है। जब भी झांसी के विकास की बात आती है तो श्री अनुराग शर्मा जी मंत्रियों से लड़कर भी काम को पूरा करवाते हैं। 100 किलोमीटर लंबे झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे के सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है, चित्रकूट से इटावा तक 300 किलोमीटर एक्सप्रेस-वे को झांसी से जोड़ा जा रहा है और जल्द ही झांसी में नए एयरपोर्ट का भी निर्माण किया जाएगा। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में 321 निवेश के प्रस्ताव आएं हैं और बुंदेलखंड को 2 लाख करोड़ का निवेश मिलने वाला है। झांसी को स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 1 हजार करोड़ का आवंटन हुआ, 1600 करोड़ रुपए के ड्रग प्लांट को स्वीकृति मिली है, सहारा के निवेशकों को पैसा वापस लौटाया जा रहा है और झांसी के रेलवे स्टेशन का विकास कार्य किया जा रहा है। श्री आर के सिंह ने 47 हजार करोड़ रुपए की लागत से केन बेतवा लिंक परियोजना चित्रकूट को दिलाने का काम किया है, बांदा से चिल्ला यमुना घाट तक 4 लेन की सड़क स्वीकृत करवायी, बेदी पुलिया से रामघाट तक के मार्ग का चौड़ीकरण करवाया, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से क्षेत्र की कनेक्टिविटी को सुधारने का काम किया, ट्रेनों का विद्युतीकरण हुआ और अब बांदा में भी पासपोर्ट ऑफिस खुल गया है। कलिंजर महोत्सव को मान्यता दिलाई गई है, रामघाट का सौंदर्यीकरण किया, 1 लाख 20 हज़ार गरीबों को घर दिया, 2 लाख 45 हज़ार माताओं को गैस दिया, 2 लाख 70 हज़ार घरों में पानी पहुंचाया, 3 लाख 46 हजार शौचालय बनाए, 50 हजार किसानों को 6 हज़ार रुपए प्रति वर्ष दिलाया। मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश को 14 एक्सप्रेस-वे, 12 शहरों को मेट्रो रेल, 9 एयरपोर्ट का निर्माण किया और 12 निर्माणाधीन हैं। उत्तर प्रदेश में 60 मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं और 13 नए कॉलेज का काम निर्माणाधीन है।

श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने पूरे उत्तर प्रदेश को विकसित करने का कार्य किया है। पहले बुंदेलखंड से बाहुबली निकला करते थे, मगर मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में यहां से उद्योगपति निकलकर पूरे देश में अपनी छाप छोड़ेंगे। यह चुनाव देश को विकसित और सुरक्षित करने का, धर्म और संस्कृति के रक्षण का, देश को महान बनाने का और बुंदेलखंड की प्यास बुझाने का चुनाव है। श्री अमित शाह ने स्थानीय भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की।

**********************